## न्यूज़ ब्रीफ

### लाडोवाल टोल प्लाजा पर अवैध वसूली

राहुल शर्मा | लुधियाना | समर न्यूज़ : लाडोवाल टोल प्लाजा पर नाजायज वसूली का मामला सामने आया है। थाना लाडोवाल के जांच अधिकारी मोहम्मद सदीक को मुखबिर खास से सूचना मिली थी कि लुधियाना-जालंधर अप-डाउन मार्ग पर टोल से पहले ही कुछ लोग कमर्शियल वाहनों से अवैध वसूली कर बिना टोल दिए वाहन निकलवा रहे हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

### नशा करता युवक गिरफ्तार

राहुल शर्मा | लुधियाना | समर न्यूज़ : थाना डिवीजन नंबर-4 के अंतर्गत दरेसी इलाके में गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक को नशा करते हुए काबू किया है। जांच अधिकारी सरज कुमार को मुखबिर ने सूचना दी थी कि किले के अंदर एक युवक पेड़ के पीछे नशा कर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी से एक लाइटर, पन्नी और 10 रुपए का नोट बरामद किया। आरोपी की पहचान अजय कुमार उर्फ दीपू पुत्र शिवकुमार निवासी अटल नगर, राहों रोड लुधियाना के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### खाली प्लॉट में नशा करती महिला काबू

राहुल शर्मा | लुधियाना | समर न्यूज़ : थाना लाडोवाल पुलिस ने टोल प्लाजा से ख्वाजा पीर की ओर जाने वाले रास्ते पर नशा करती महिला को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी मनजीत सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक महिला खाली प्लॉट में बैठकर नशा कर रही है। रेड के दौरान महिला से एक लाइटर, पन्नी और 10 रुपए का नोट बरामद हुआ। महिला की पहचान रेखा पत्नी बलकार सिंह, निवासी गांव गन्ना, जिला जालंधर के रूप में हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 2018 से पेंडिंग 1100 फाइलों पर उठे सवाल ई-नगर निगम प्रणाली लागू करने की घोषणा

## लुधियाना में लोकल बॉडीज सुधारों पर संजीव अरोड़ा की प्रेस कांफ्रेंस से मचा राजनीतिक बवाल

समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार से जुड़े विवादों की लिस्ट दिन-ब-दिन लंबी होती जा रही है। इसमें ताजा मामला नए लोकल बॉडी मंत्री की प्रेस कांफ्रेंस के बाद सामने आया है। यह प्रेस कांफ्रेंस मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा नए लोकल बॉडी विभाग में पिछले कुछ दिनों के दौरान किए गए फैसलों की जानकारी देने के लिए बुलाई गई थी। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि राज्य की विभिन्न नगर निगमों द्वारा पास करके भेजे गए 900 प्रस्तावों को 3 हफ्ते में क्लियर कर दिया गया है और आगे से कोई भी प्रस्ताव को सरकार के पास भेजने के लिए ऑनलाइन सिस्टम लागू करके मंजूरी देने के लिए 10 दिन की डेडलाइन फिक्स की गई है।

इसके साथ ही अरोड़ा ने यह कहकर पिछले मंत्रियों पर सवाल खड़े कर दिए कि विभिन्न नगर निगमों से संबंधित 1100 से ज्यादा प्रस्ताव लंबे समय से लोकल बॉडी विभाग में 2018 से पेंडिंग पड़े हुए थे, जिससे लोगों को सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए जरूरी विकास कार्यों में देरी हो रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए प्रस्ताव पास करने की प्रक्रिया में मैनुअल सिस्टम खत्म करके टाइम बाउंड पैटर्न के साथ ई निगम लागू कर दिया गया है।



मंत्री संजीव अरोड़ा। -समर न्यूज़

इन फैसलों को अरोड़ा द्वारा लोकल बॉडीज विभाग में गवर्नेंस रिफार्म का नाम दिया गया है कि अब मामलों की फास्ट क्लीयरेंस के लिए सेंट्रलाइज तरीके से फैसले लिए जाएंगे। जिसके बाद से चर्चा छिड गई है कि क्या इससे पहले 3 साल तक आप की सरकार के दौरान लोकल बॉडीज विभाग के मंत्रियों द्वारा इस तरह के कोई प्रयास नही किए गए, जिन्हें अब अरोड़ा द्वारा मिशन मोड अर्बन डेवलपमेंट का नाम दिया गया है।

### विकास कार्यों के लिए टेंडर लगाने या वर्क ऑर्डर जारी करने की प्रक्रिया में हो रही देरी

अरोड़ा ने विकास कार्यों के लिए टेंडर लगाने या वर्क ऑर्डर जारी करने की प्रक्रिया में हो रही देरी की पोल खोल कर रख दी है कि अब तक फाइल को कई अधिकारियों के पास भेजने में काफी समय लगता था। लेकिन अब हालात में सुधार लाने के लिए एक ही चीफ इंजीनियर को पूरे जिले की सभी ब्रांचों का चार्ज दे कर फाइल क्लियर करने के लिए 10 दिन की डेडलाइन फिक्स की गई है। इसके अलावा लोकल लेवल पर 2 करोड़ तक की लागत के विकास कार्यों को टेक्निकल मंजूरी देने का सिस्टम लागू किया गया है, जिसे लेकर अफसरों की जवाबदेही तय करने के लिए रोजाना मॉनिटरिंग की जाएगी। जिससे लोकल बॉडीज विभाग में अब तय समय सीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से वित्तीय व प्रशासनिक फैसले बिना रुकावट के लागू होने का दावा अरोड़ा द्वारा किया गया है।

## 9 फरवरी को राज्य स्तरीय नौकरी मेला

सुनील | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब सरकार ने राज्य के शिक्षित युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने और आम जनता तक सरकारी सेवाओं की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत पंजाब भर के सेवा केंद्रों में 9 फरवरी को राज्य स्तरीय नौकरी मेले का आयोजन किया जा रहा है। सेवा केंद्रों के पंजाब प्रोजेक्ट हेड प्रभजोत सिंह ने बताया कि 9 फरवरी, सोमवार को पूरे प्रदेश के सभी जिलों के डीसी कार्यालय परिसरों में स्थित मुख्य सेवा केंद्रों में यह नौकरी मेला आयोजित होगा। यह मेला सुबह 9:30 बजे से शाम 3:30 बजे तक चलेगा, जिसमें केवाईसी ऑपरेटरों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार लगातार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठा रही है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 95305-40651 पर संपर्क किया जा सकता है।

## लुधियाना में पहली बार लगेगी राइड इंडिया प्रदर्शनी

साक्षी शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

पिछले छह वर्षों से दिल्ली में लगातार आयोजित हो रही "राइड इंडिया" प्रदर्शनी इस बार 6 फरवरी से लुधियाना में लगने जा रही है। यह लुधियाना शहर के लिए गर्व की बात है, क्योंकि लुधियाना को देशभर में साइकिल इंडस्ट्री का हब माना जाता है। इस प्रदर्शनी के आयोजन से शहरवासियों के साथ-साथ साइकिल उद्योग से जुड़े लोगों को भी बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। प्रदर्शनी को लेकर जानकारी देते हुए भोगल ने कहा कि लुधियाना साइकिल उद्योग का प्रमुख केंद्र है और इस तरह की प्रदर्शनी यहां आयोजित होना शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे इस प्रदर्शनी में आकर साइकिल चलाने से होने वाले स्वास्थ्य, पर्यावरण और आर्थिक फायदों को समझें। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का एक बड़ा लाभ यह भी होगा कि जो लोग साइकिल इंडस्ट्री से जुड़ना चाहते हैं, उन्हें इंडस्ट्री को नजदीक से देखने और समझने का अवसर मिलेगा। भोगल ने यह भी बताया कि इस प्रदर्शनी में चीन से भी कुछ मैन्युफैक्चरर्स हिस्सा लेने के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने सरकार से अपील करते हुए कहा कि यदि सरकार सहयोग करे, तो जो सामान अभी चीन में बन रहा है, उसे भारत में, विशेषकर लुधियाना में बनाया जा सकता है। इससे स्थानीय उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। वहीं गुरमीत कुलार ने बताया कि इस प्रदर्शनी में लगभग सभी साइकिल इंडस्ट्री हाउस हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने द समर न्यूज चैनल के माध्यम से शहरवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में लोग इस प्रदर्शनी में पहुंचें और साइकिल से जुड़ी नई तकनीक और जानकारी हासिल करें।

## यूरिया के अवैध इस्तेमाल पर प्लाईवुड फैक्ट्री के खिलाफ मामला दर्ज

सुनील | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब सरकार और कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां के निर्देशों पर कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इसमें कृषि उपयोग वाली यूरिया के अवैध इस्तेमाल का पर्दाफाश किया है। स्थानीय कृषि विभाग की टीम ने दाखा थाना की टीम के साथ मिलकर गांव रांके स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री आर्य इंडस्ट्रीज में औचक निरीक्षण किया, जहां से भारी मात्रा में कृषि-ग्रेड यूरिया बरामद की गई।

मुख्य कृषि अधिकारी गुरदीप सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि फैक्ट्री में भारत सरकार द्वारा किसानों को सब्सिडी पर उपलब्ध कराई जाने वाली कृषि-ग्रेड यूरिया का उपयोग प्लाईवुड निर्माण में अवैध रूप से किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि यह यूरिया केवल कृषि कार्यों के लिए किसानों को दी जाती है, जिस पर सरकार भारी सब्सिडी प्रदान करती है। औद्योगिक इकाइयों द्वारा इसका इस्तेमाल कानूनन अपराध है।

## रेलवे स्टेशन पर सामान चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



जानकारी देती हुई पुलिस अधिकारी। -समर न्यूज़

सुनील | लुधियाना
समर न्यूज़

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का सामान व मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक गैंग के तीन लोगों को जीआरपी की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजीत मिश्रा उर्फ लंबू, कमल कुमार उर्फ मंगू और सौरभ कुमार है। पुलिस ने तीनों ही गिरफ्तार आरोपियों से 15 मोबाइल फोन व गहने बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों का मानयोग अदालत से रिमांड हासिल कर पूछता शुरू की है।

इस मामले में थाना जीआरपी के प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि उनको बीती 22 जनवरी को एक यात्री ने शिकायत दी थी कि किसी ने उसका पर्स चोरी कर लिया है जिसमें डायमंड के गहने व नगदी थी।

पुलिस में उक्त महिला के बयानों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

जितेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के दौरान उक्त तीनों ही आरोपियों को ट्रैप लगाकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से जो 15 मोबाइल फोन में अन्य सामान बरामद हुआ है वह उन्होंने रेलवे स्टेशन व ट्रेन के अंदर यात्रियों से चोरी किए थे।

उन्होंने बताया कि रिमांड दौरान आरोपियों से पूछताछ कर अन्य कई चोरी की वारदातों के बारे भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## भोलेनाथ की रथ यात्रा का करेंगे भव्य स्वागत

### न्यूयॉर्क से भजन गायक ने अपने भजनों के माध्यम से दरबार में हाजिरी लगाई

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़




सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर जोशी नगर शंकराचार्य नगर (हैबोवाल कलां) में श्रृंखलाबद्ध 1319 वां हवन यज्ञ व् संध्या चौंकी का आयोजन किया गया। सौभाग्यशाली यजमान परिवार व भक्तों द्वारा मंगल कामना के साथ भक्तों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली। हवन यज्ञ व् संध्या चौंकी मंदिर प्रधान अमन जैन की,चेयरमैन ऋषि जैन, उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में किया गया। यजमान परिवार द्वारा कराये हवन यज्ञ को मंदिर के आचार्य आचार्य पंडित विष्णु, पंडित देवी दयाल, पंडित राम, पंडित संजय, पंडित सुरेश, पंडित विश्राम, पंडित नारायण द्वारा पूर्ण मंत्रोउच्चारण के सम्पन कराया गया। इस अवसर पर भक्तों ने मंगल कामना के साथ हवन यज्ञ में आहुतियां डाल विश्व शांति की प्रार्थना की। संध्या चौंकी के अवसर पर न्यूयोर्क (अमेरिका) से भजन गायक अनिल दुआ ने अपने भजनों के माध्यम से दरबार में हाजिरी लगाई व सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन, उपप्रधान अनुज मदान ने कहा कि देवाधिदेव महादेव का पवित्र पर्व महाशिवरात्रि आने वाला है जिसको लेकर भोले के भक्त उत्साहित है। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में निकाले जानी वाली वाली रथ यात्रा का मंदिर कमेटी की तरफ से भव्य स्वागत किया जायेगा व् स्वागती स्टेज लगेगी। उपप्रधान अनुज मदान ने कहा कि भगवान भोलेनाथ देवों के देव है और अपने भक्तों का उद्धार करते है उन्होंने कहा कि इस पुण्य दिन जिस भक्त को कोई सेवा मिलती है तो समझना चाहिए भगवान सदाशिव का आशीर्वाद मिला है जोकि अनंत गुना फल देगा। संध्या चौंकी में कैनेडा से विशेष रूप से अंशुमन डावर श्री बालाजी दरबार में नतमस्तक हुए व आशीर्वाद लिया। संध्या चौंकी पर श्री बालाजी महाराज का पवित्र ध्वज फेहराया गया व् भक्तों को पवित्र जल के छींटे दिए गए। श्री हनुमान चालीसा उपरंत संध्या चौंकी को विराम दिया गया। इस अवसर पर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन, उपप्रधान अनुज मदान, सैक्ट्री सौरव जैन, सोमनाथ मड़कन, ज्योति गुप्ता, संजय गुप्ता, अरविन्द टिल्लू, नरिंदर नथानी, राहुल हांडा, संदीप पब्बी, नितिन भंडारी, अमित कपूर,सतीश डंग, रोहित डंग, पुनीत शर्मा, संदीप धमीजा,भारती सोनी, वेद लूथरा, अनिल जैन, गीतान्श गांधी, देवांश जैन, अश्वनी मग्गू, सन्नी सतीजा, प्रतीक सोहर, विवेक शर्मा, मनीष अरोड़ा ,विश्वनाथ आदि उपस्थित हुए।

भव्य लॉन्च | मारुति से लेकर रेंज रोवर, बीएमडब्ल्यू और ऑडी तक-लग्जरी ब्रांड्स की उपलब्धता व फाइनेंस सुविधा

## स्टार कारज ने पुरानी कारों का एक्सक्लूसिव शोरूम किया लॉन्च

रविंदर | लुधियाना
समर न्यूज़

स्टार कारज द्वारा पखोवाल रोड स्थित नजदीक आगाज होटल बसंत सिटी चौक में सर्टिफाइड पुरानी और नई कारों की बिक्री और खरीद के लिए मल्टी-स्टोरी एक्सक्लूसिव शोरूम लॉन्च किया गया।

इस मौके पर पत्रकारों को जानकारी देते हुए शोरूम के मैनेजिंग डायरेक्टर एचपीएस चावला, गुर सिमरन सिंह चावला ने बताया कि 1994 में फिरोज गांधी मार्केट में स्टार कंसलटेंट नाम से कंपनी शुरू की गई थी जहां लोन और इंश्योरेंस की सर्विस प्रदान की जाती थी। इसके बाद 2006 में कोचर मार्केट में स्टार कारज कंपनी शुरू की गई जहां सर्टिफाइड यूज्ड कारों का शोरूम खोला गया।



शोरूम का उद्घाटन करते हुए।




-समर न्यूज़

उन्हें बताया गया कि 20 साल बाद कस्टमर्स को ध्यान में रखते हुए 10 हजार स्क्वायर फीट में स्टार कारज के नाम से मल्टी-स्टोरी शोरूम शुरू किया गया है जहां हर तरह के ब्रांड की यूज्ड कारें उपलब्ध होगी और कार खरीदने के पांच दिन बाद मनी बैक गारंटी भी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि हर कार की खरीद पर एक साल की वारंटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हमारे शोरूम में मारुति, रेंज रोवर, होंडा, हुंडई, किआ टोयोटा, बीएमडब्ल्यू, ऑडी, जगुआर, वोल्वो, आदी लग्जरी नई कारें भी मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यहां एचडीएफसी बैंक से लोन की सुविधा भी मिलेगी और लोन, इंश्योरेंस, कार डिटेलिंग की सुविधाएं भी दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हमने स्टार कारज नाम से एक ऐप लॉन्च किया है, जिसे डाउनलोड करके घर बैठे कार सम्बंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है शोरूम का उद्घाटन HDFC बैंक ऑटो लोन्स के नेशनल सेल्स हेड विकास अरोड़ा ने किया।

## टीटीई विशाल की सूझबूझ से भटका बच्चा सुरक्षित मिला

सुनील | लुधियाना
समर न्यूज़

फिरोजपुर छावनी–छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12138) में ड्यूटी पर तैनात टीटीई विशाल की सूझबूझ, तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता के चलते एक 7–8 वर्षीय भटका हुआ बच्चा सुरक्षित अपने परिजनों तक पहुँच सका। यह सराहनीय घटना आज दिनांक 5 फरवरी 2026 की है। जानकारी के अनुसार, टिकट चेकिंग के दौरान बी-3 कोच में टीटीई विशाल ने एक बच्चे को अकेले यात्रा करते देखा। पूछताछ करने पर बच्चे ने बताया कि वह गलती से बठिंडा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ गया था और अपने परिवार से बिछुड़ गया। बच्चे की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए टीटीई विशाल ने तुरंत आरपीएफ नियंत्रण कक्ष, दिल्ली से संपर्क किया। आरपीएफ स्क्वैडिंग टीम के हेड कांस्टेबल जरनैल सिंह व उनके दो अन्य साथियों की सहायता से बच्चे को जाखल रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ स्टाफ के सुपुर्द किया गया। इस संबंध में फिरोज़पुर डिवीजन के सीनियर डीसीएम परमदीप सैनी ने बताया कि टीटीई विशाल की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता से एक मासूम बच्चे की सुरक्षित वापसी संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि टिकट चेकिंग स्टाफ का यह कर्तव्यनिष्ठ व्यवहार रेलवे की सकारात्मक छवि को दर्शाता है और अन्य रेलकर्मियों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है।




ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 152